RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 99 • 21:04:2024 • रविवार • मूल्य : 5/-

## मोदी सरकार के तीन 'आपराधिक' कानूनों से खुश हो गए सीजेआई

### बोले डीवाई चन्द्रचूड़-भारत बदल रहा है, नए युग की शुरुआत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को देश में तीन नए आपराधिक कानून बनाए जाने की खूब तारीफ की। उन्होंने कहा कि यह भारत के बदलने का स्पष्ट संकेत है। सीजेआई के अनुसार, नए कानूनों ने क्रिमिनल जस्टिस को लेकर भारत के कानूनी ढांचे को एक नए युग में बदल दिया है। उन्होंने 'आपराधिक न्याय प्रणाली के प्रशासन में भारत का प्रगतिशील पथ' विषय पर यहां आयोजित एक सम्मेलन में कहा कि नए कानून तभी सफल होंगे यदि ''हम नागरिकों के रूप में उन्हें अपनाएं।'' प्रधान न्यायाधीश ने नए आपराधिक न्याय कानूनों के लागू होने को समाज के लिए ऐतिहासिक क्षण बताते हुए कहा कि भारत अपनी आपराधिक न्याय प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव के लिए तैयार है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि नए अधिनियमित कानूनों ने आपराधिक न्याय पर भारत के कानूनी ढांचे को एक नए युग में बदल दिया है। उन्होंने कहा कि पीड़ितों के हितों की रक्षा करने और अपराधों की जांच एवं अभियोजन में कुशलता के लिए अत्यावश्यक सुधार किए गए हैं। सीजेआई ने कहा, ''संसद द्वारा इन कानूनों को पास किया जाना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि भारत बदल रहा है एवं आगे बढ़ रहा है और मौजूदा चुनौतियों से निपटने के लिए नए कानूनी उपकरणों की जरूरत है।''



## धमकाने की कोशिश मत करो, जेल जाने से नहीं डरते

### केरल सीएम पिनराई विजयन ने राहुल गांधी को खूब सुनाया

**तिरुअनंतपुरम (एजेंसी)।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर शुक्रवार को पलटवार किया। उन्होंने कहा कि ऐसा क्यों है कि केंद्रीय जांच एजेंसियों ने उनसे पूछताछ या गिरफ्तारी नहीं की। इससे एक दिन पहले, राहुल ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता विजयन पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा कि जब वह भाजपा के खिलाफ लड़ रहे हैं तो केरल के मुख्यमंत्री उन पर हमले क्यों कर रहे हैं। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि ईडी ने उनसे 55 घंटे तक पूछताछ की, उनकी लोकसभा सदस्यता और उनका आधिकारिक आवास छीन लिया गया। साथ ही, वर्तमान में विपक्ष से जुड़े दो मुख्यमंत्री जेल में हैं, लेकिन केरल के मुख्यमंत्री के साथ ऐसा कुछ नहीं हो रहा है। सीएम विजयन ने कोझिकोड की एक चुनावी जनसभा में उन पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि राहुल की दादी और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल के दौरान कितनों को जेल में डाल दिया था।



## शरद पवार बोले-लोग जानते हैं एनसीपी किसने बनाई

### भाजपा ने ईडी व सीबीआई का इस्तेमाल करके पार्टी तोड़ी

### एनसीपी चीफ बोले-मोदी का करिश्मा पहले जैसा नहीं रहा



**मुंबई (एजेंसी)।** एनसीपी शरदचंद्र पवार के चीफ शरद पवार का कहना है कि उनकी पार्टी ही असली एनसीपी है। इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि कोई भी कह सकता है असली एनसीपी हम हैं लेकिन लोगों को पता है कि एनसीपी किसने बनाई, किसने इन्हें मंत्री बनाया। लोग इन पर हंस रहे हैं। हम बीजेपी के खिलाफ लड़े और जीते, अब वे (अजित पवार) बीजेपी के साथ खड़े हैं। शरद पवार ने आगे कहा कि कुछ अवसरवादी लोग अब वो बीजेपी के साथ खड़े हैं। ये लोग मुझे कहते थे कि अगर हम नहीं जाएंगे तो हम पर ईडी एक्शन लेगा।

उन्होंने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर कहा कि मोदी का जो करिश्मा पहले था, अब वैसा नहीं रहा। महाराष्ट्र में कम से कम 50 प्रतिशत सीटें हम जीतेंगे। शरद पवार का कहना है कि भाजपा ने ईडी का इस्तेमाल करके कुछ ऐसे कदम उठाए जिसकी वजह से हमारे साथी उनके कहने पर चले गए। बीजेपी को मालूम था कि महाराष्ट्र में वो नहीं जीत सकते इसलिए ईडी, सीबीआई का इस्तेमाल कर ये कदम उठाए गए। महाराष्ट्र में जो हुआ है, लोगों को ये बिलकुल पसंद नहीं आ रहा है। लोगों को डराकर साथ में लाना पसंद नहीं किया जा रहा है।

## अब डीडी न्यूज के लोगो का रंग लाल से हुआ नारंगी

### टीएमसी ने कहा-दूरदर्शन का भगवाकरण हुआ, ये प्रसार भारती नहीं, प्रचार भारती है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पब्लिक ब्रॉडकास्टर दूरदर्शन ने अंग्रेजी चैनल डीडी न्यूज के लोगो का रंग लाल से बदलकर नारंगी कर दिया है। इस पर तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और प्रसार भारती के पूर्व सीईओ जवाहर सरकार ने कहा कि दूरदर्शन का भगवाकरण हो गया है। अब ये प्रसार भारती नहीं, प्रचार भारती हो गया है। 16 अप्रैल को दूरदर्शन ने सोशल मीडिया एक्स पर नया प्रमोशनल वीडियो शेयर किया। इसके कैप्शन में लिखा- हालांकि हमारे मूल्य वही हैं, अब हम एक नए अवतार में उपलब्ध हैं। ऐसी समाचार यात्रा के लिए तैयार हो जाएं जो पहले कभी नहीं देखी गई।




बिल्कुल नए डीडी न्यूज का अनुभव करें। डीडी न्यूज - भरोसा सच का। वहीं यूपीए सरकार में सूचना एवं प्रसारण मंत्री रह चुके कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा- दूरदर्शन के लोगो का रंग बदलना सरकारी संस्थानों पर कब्जा करने का सरकार का प्रयास है। ऐसे कदम देश के पब्लिक ब्रॉडकास्टर की विश्वसनीयता को कमजोर करते हैं। जवाहर सरकार ने एक वीडियो जारी कर कहा- चुनाव से ठीक पहले प्रसार भारती के पूर्व एमडी के रूप में दूरदर्शन के लोगो का भगवाकरण देखकर दुख होता है। एक तटस्थ पब्लिक ब्रॉडकास्टर अब पक्षपाती सरकार के साथ एक धर्म और संघ परिवार के रंग को शामिल करके मतदाताओं को प्रभावित करेगा। सरकार ने कहा- मैं यह महसूस कर रहा हूं कि यह अब प्रसार भारती नहीं है, यह प्रचार भारती है। सरकार ने इसे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन भी बताया है। सरकार साल 2012 से साल 2016 तक दूरदर्शन और ऑल इंडिया रेडियो की देखरेख करने वाली संस्था प्रसार भारती के सीईओ रह चुके हैं। प्रसार भारती के वर्तमान सीईओ गौरव द्विवेदी ने बातचीत में कहा- लोगो का रंग नारंगी है न कि भगवा। सिर्फ लोगो में ही बदलाव नहीं हुआ है, बल्कि हमने डीडी के पूरे लुक और फील को अपग्रेड किया गया है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि लोग इस बारे में अनर्गल टिप्पणी कर रहे हैं। हम पिछले छह-आठ महीने से डीडी के लुक और फील को बदलने पर काम कर रहे थे। उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा- भगवा से इतनी नफरत है इन लोगों को। भगवा रंग का आनंद ये लोग नहीं ले सकते। ये लोग सिर्फ तुष्टिकरण करने वाले लोग है। वहीं आंध्र प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष ने कहा-जब दूरदर्शन 1959 में लॉन्च किया गया था, तो इसका लोगो भगवा था। सरकार ने मूल लोगो को ही अपनाया है, तो लिबरल्स और कांग्रेस नाराजगी जता रहे हैं।

## न आरक्षण हटाएंगे, न सेक्युलर शब्द और न हटाने देंगे

### संविधान बदलने के आरोपों पर भड़के गृहमंत्री अमित शाह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा चुनाव के पहले दिन दो टूक कहा कि उनकी पार्टी और भाजपा की सरकार न तो आरक्षण हटाएगी और न ही संविधान से सेक्युलर शब्द हटाएगी। गुजरात के गांधीनगर सीट पर नामांकन दाखिल करने के बाद एक इंटरव्यू में अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस ऐसे आरोप लगाकर देशवासियों को गुमराह कर रही है। उन्होंने दो टूक लहजे में कहा कि अगर भाजपा को संविधान बदलना होता तो पिछले 10 सालों से उसके पास बहुमत है, वह दस सालों में ऐसा कभी भी कर सकती थी लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने बहुमत का इस्तेमाल अनुच्छेद 370 हटाने में, नागरिकता संशोधन कानून लाने में, तीन तलाक समाप्त करने में किया है। संविधान से पंथनिरपेक्ष (सेक्युलर) शब्द हटाने के आरोपों पर उन्होंने कहा, सेक्युलर शब्द हटाने की हमें कोई जरूरत नहीं है। इस देश को पंथनिरपेक्ष बनाने का सबसे बड़ा आग्रह बीजेपी का है, इसीलिए हम यूसीसी ला रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा, वो (कांग्रेस) देश को शरिया के नाम पर चलाना चाहती है, इसलिए उन्हें सेक्युलर बनने की जरूरत है, हमें नहीं। शाह ने कहा कि हम तो कह रहे हैं कि इस देश का संविधान धर्म के आधार पर होना चाहिए। शाह ने राहुल पर भी भड़ास निकाली और कहा कि जिस तरह से वह कहते फिर रहे हैं कि भाजपा आरक्षण हटा देगी तो ये बात स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि भाजपा ना तो आरक्षण हटाएगी और ना ही हटाने देगी।



## मोदी सरकार के मुरीद हुए अजमेर दरगाह के दीवान

### राम मंदिर से लेकर सीएए तक का किया जिक्र, की तारीफ

**जयपुर (एजेंसी)।** अजमेर शरीफ दरगाह के दीवान भी अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार और भाजपा के मुरीद हो गए हैं। उन्होंने राम मंदिर से लेकर सीएए तक जैसे कई मुद्दों पर खुलकर भाजपा के कामों का समर्थन करते हुए विपक्ष पर निशाना भी साधा है। उन्होंने कहा कि देश प्रगति कर रहा है और आज दुनिया में भारत का जो मुकाम है वह भाजपा सरकार की बदौलत है। लोकसभा चुनावों के बीच अजमेर शरीफ दरगाह के दीवान इस तरह के बयानों को काफी अहम माना जा रहा है। वहीं, विपक्ष के इस आरोप पर कि भाजपा संविधान बदलना चाहती है। इस पर अजमेर दरगाह के दीवान सैयद जैनुल आबेदीन अली खान ने कहा कि एक गलत भ्रम पैदा किया जा रहा है। संशोधन करना अलग बात है। इसे संविधान बदलने से नहीं जोड़ा जा सकता है। दरगाह के दीवान ने शनिवार को एक इंटरव्यू में कहा कि संविधान 1950 में बनाया गया था, तब से लेकर अब तक संसद में इसमें कितने संशोधन किए गए हैं। राष्ट्रहित और जनहित में यदि संशोधन की जरूरत होगी तो किए ही जाएगे। झूठा भ्रम पैदा किया जा रहा है। क्या 1975 में इंदिरा गांधी द्वारा लगाया गया आपातकाल एक संशोधन नहीं था। संशोधन करने को संविधान बदलने से नहीं जोड़ा जा सकता है। सैयद जैनुल ने आगे भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि देश पिछले 10 वर्षों में प्रगति कर रहा है और दुनिया में देश ने जो मुकाम हासिल किया है वह मौजूदा सरकार की देन है।



## कर्नाटक में कांग्रेस पार्षद की बेटी की हत्या को लेकर संग्राम

- *लड़की के पिता और बीजेपी ने लव जिहाद बताया, सिद्धारमैया बोले-हत्या निजी कारणों से की गई*

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक के हुबली में कांग्रेस पार्षद निरंजन हिरेमथ की बेटी के मर्डर केस को भाजपा ने लव जिहाद का मामला बताया है। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि इस घटना के पीछे लव जिहाद का एंगल है। कांग्रेस के शासन में कानून व्यवस्था पूरी तरह से खराब हो गई है। उधर, लड़की के पिता ने भी घटना को लव जिहाद का मामला बताया। उन्होंने दावा किया कि आरोपी ने उनकी बेटी को फंसाने की योजना बनाई थी। वे उसे धमकी दे रहे थे, लेकिन हमारी लड़की ने इस पर ध्यान नहीं दिया। इस बीच राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने लव जिहाद के दावों को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह हत्या निजी कारणों से की गई है और राज्य में कानून व्यवस्था बिल्कुल दुरुस्त है। दरअसल, कर्नाटक के हुबली स्थित बीवीबी कॉलेज कैंपस में गुरुवार को 23 साल की नेहा हिरेमथ की हत्या कर दी गई।



## बेतिया पुलिस की बड़ी कार्यवाई 35 किलोग्राम चरस के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार

**चाणक्य भूमि। बेतिया**

बेतिया पुलिस के हत्थे तीन चरस तस्कर चढ़े है जिनके पास से पैंतीस किलोग्राम चरस बरामद हुई है। पुलिस अधीक्षक अमरकेश डी. ने बताया कि इनरवा बाजार निवासी फैयाज मियां, सहोदरा थाना क्षेत्र के बैरिया निवासी सुरेश यादव व सिरसिया थाना क्षेत्र के भीखमपुर निवासी संजय पटेल को गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है की नगर के सुप्रिया रोड़ और बस स्टैंड के पास से तीनों की गिरफ्तारी हुई है। एसपी। बेतिया ने बताया कि तीनों के पास से 35 किलो 766 ग्राम चरस, तीन बाइक व दो मोबाइल को जब्त कर लिया गया है। चरस को नेपाल से लाकर हरियाणा भेजने की तैयारी की जा रही थी। जानकारी के अनुसार नगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार को गुप्त सूचना मिली कि सुप्रिया रोड में चरस के कुछ तस्कर एकत्रित हुए हैं। जानकारी के बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा त्वरित कार्रवाई हेतु एसपी ने सदर एसडीपीओ -1 विवेक दीप के नेतृत्व में टीम गठन किया। मजिस्ट्रेट के रूप में सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी छापेमारी टीम के साथ मौजूद रहे। टीम ने सुप्रिया रोड में छापेमारी कर संजय पटेल व फैयाज मियां को गिरफ्तार किया। दोनों के पास से 31.766 किलोग्राम चरस व दो बाइक बरामद हुआ। इन दोनों से पूछताछ के बाद इनके निशानदेही पर बस स्टैंड में छापेमारी की गई। जहां से चार किलोग्राम चरस व एक बाइक के साथ पुलिस सुरेश यादव को गिरफ्तार किया। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों में से दो पूर्व में जेल जा चुके हैं। सुरेश यादव एक मर्डर केस में पूर्व में जेल गया था। जबकि फैयाज मियां एनडीपीएस एक्ट के केस में जेल जा चुका है।



## कांग्रेस के शहजादे को वायनाड में भी अब दिखने लगा है संकट

### नांदेड़ की रैली में राहुल गांधी को लेकर बोले पीएम मोदी

### कहा-जैसे अमेठी छोड़ना पड़ा, वैसे ही अब वायनाड भी छोड़ेंगे

**नांदेड़ (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के नांदेड़ में शनिवार को चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस के शहजादे को भी वायनाड में संकट दिख रहा है। शहजादे और उनकी टोली 26 अप्रैल को वायनाड में वोटिंग का इंतजार कर रही है। जैसे ही वहां 26 अप्रैल को वहां वोटिंग पूरी हो जाएगी। ये शहजादे के लिए एक और सुरक्षित सीट घोषित कर देंगे। जैसे इन्हें अमेठी छोड़ना पड़ा मान कर चलिए वे अब वायनाड भी छोड़ेंगे। परभणी में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 2024 का चुनाव केवल सरकार बनाने के लिए नहीं हो रहा है। इस चुनाव का लक्ष्य है भारत को विकसित बनाना, भारत को आत्मनिर्भर बनाना। इसलिए 2024 के चुनाव के मुद्दे सामान्य मुद्दे नहीं हैं, हर मुद्दा महत्वपूर्ण है, हर कदम महत्वपूर्ण है, हर संकल्प महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का ये परिवार आजादी के बाद पहली बार खुद कांग्रेस को ही वोट नहीं देगा। क्योंकि जहां वो रहते हैं, वहां कांग्रेस का उम्मीदवार ही नहीं है। जिस परिवार के भरोसे कांग्रेस चलती है, वो परिवार खुद कांग्रेस को वोट नहीं दे पाएगा।



## नाबालिग रेप-विक्टिम ने अबॉर्शन की इजाजत मांगी

- 28 हफ्ते की है प्रेग्नेंट, सुप्रीम कोर्ट ने अर्जेंट सुनवाई की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महाराष्ट्र की 14 साल की रेप पीड़ित ने सुप्रीम कोर्ट से अबॉर्शन की इजाजत मांगी है। पीड़ित 28 हफ्ते की प्रेग्नेंट है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले पर शुक्रवार 19 अप्रैल को शाम 4.30 बजे अर्जेंट सुनवाई की। शीर्ष कोर्ट ने पीड़ित का मेडिकल कराने का आदेश दिया है। पीड़ित का कल यानी 20 अप्रैल को महाराष्ट्र के हॉस्पिटल में मेडिकल होगा। इसमें ये देखा जाएगा कि अबॉर्शन का नाबालिग पर शारीरिक और मानसिक रूप से क्या असर होगा। सीजेआई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच ने इस मामले पर विशेष सुनवाई की। इस मामले में जस्टिस ऐश्वर्या भाटी भी बेंच की मदद के लिए मौजूद रहीं। नाबालिग की मां ने जो याचिका दायर की है कि उनमें बॉम्बे हाई कोर्ट के 4 अप्रैल 2024 के आदेश को चुनौती दी गई है। इसमें बॉम्बे हाईकोर्ट ने नाबालिग को अबॉर्शन की परमिशन नहीं दी थी। इस मामले में आईपीसी की धारा 376 और पाक्सो एक्ट में केस दर्ज है। सीजेआई चंद्रचूड़ की बेंच ने बॉम्बे हाईकोर्ट का आदेश खारिज करते हुए नाबालिग के मेडिकल चेकअप का आदेश दिया।

## राहुल बोले-हिंदुस्तान को 2 तरह के शहीद नहीं चाहिए

### कहा-इंडिया सरकार बनी तो जल्द ही खत्म कर देंगे अग्निवीर योजना

### महिलाओं को देंगे एक लाख, राहुल गांधी ने भागलपुर में किए कई वादे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भागलपुर में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस राहुल गांधी ने कहा की बीजेपी 150 सीटों से ज्यादा नही जीतेगी। उन्होंने कहा कि वे लोग अपने लिये खुद ही बढ़ा चढ़ाकर बता रहे हैं, लेकिन जनता उनको इस बात मौका नहीं देगी। राहुल गांधी ने कहा कि इंडिया गुट की सरकार बनीं तो वे पांच तरह की गारंटी फौरन देंगे। ये योजना युवा, किसान, महिला, मजदूर, आशा वर्कर्स और सेना जुड़ा है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार आते ही गरीबों की लिस्ट बनाई जाएगी और हर परिवार की एक महिला के खाते में आठ हजार से ज्यादा रुपये हर महीने डाले जाएंगे। बिहार के भागलपुर में अपनी पहली चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, ''देश के गरीबों, दलितों और आदिवासियों को जो कुछ भी मिला है, वह संविधान के कारण है। अगर संविधान को खत्म कर दिया गया, तो सभी चीजें खत्म हो जाएंगी।'' केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा पर संविधान को ''खत्म'' करने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

## संक्षिप्त समाचार

### नाबालिग बच्ची से छेड़खानी, पॉक्सो एक्ट का जिक्र नहीं, सिटी एसपी सेंट्रल ने कहा- कोर्ट में आवेदन देंगे थानाध्यक्ष

**पटना।** पटना में नाबालिग (12) से छेड़खानी मामले में बुद्धा कॉलोनी थानाध्यक्ष की लापरवाही की बात सामने आई। थानेदार ने पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज नहीं किया। इसके बाद मामला सामने आया। पटना के सिटी एसपी सेंट्रल चंद्र प्रकाश ने बताया कि थानाध्यक्ष से बात हुई है। इस मामले में गलती से जरूरी धारा में मामला दर्ज नहीं किया है। अब थानाध्यक्ष कोर्ट में इस मामले में पॉक्सो एक्ट जोड़ने के लिए आवेदन देंगे। अब कोर्ट के उपर है, वो थानाध्यक्ष पर क्या कार्रवाई करती है। कोर्ट के आदेश का पालन किया जाएगा। वहीं इस मामले में बच्ची के पिता ने बताया कि अब आरोपी सुरेश महतो मुझसे कह रहा है कि पांच लाख लो और मुंह बंद रखो, नहीं तो मोहल्ले में नहीं रहने देंगे। आरोपी की धमकी से मैं और मेरा पूरा परिवार डर के साए में है। फिलहाल आरोपी बैंक कर्मी फरार चल रहा है।

### जगदेव पथ पर महिला ने की सुसाइड की कोशिश, बीच सड़क पर ब्लेड से गला काटा, पुलिस बता रही नशे की आदी है लड़की

**पटना।** पटना के जगदेव पथ के पास शनिवार को एक महिला ने सुसाइड की कोशिश की। महिला ने स्मैक नशे की दवाई नहीं मिलने पर ब्लेड से गला काटकर आत्महत्या का प्रयास किया। घायल अवस्था में पुलिस ने निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। घटना के बाद मौके पर काफी देर तक सनसनी मची रही। एयरपोर्ट थाना प्रभारी ने महिला की पहचान छोटी रुकनपुरा निवासी के रूप में की है। थाना प्रभारी ने बताया कि पटना के छोटी रूकनपूरा की रहने वाली राजू पासवान की बेटी(25) पिछले कुछ सालों से स्मैक नशीली पदार्थ की आदी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि शादी के बाद उसकी एक बेटी भी हुई है। थाना प्रभारी का यह मानना है कि उसका पति खुद तो नशा करता ही है। अपनी पत्नी को भी नशा का आदी बन चुका है। नशा की दवाई नहीं मिलने पर कई बार उस लड़की ने खुद को ब्लेड से काटकर आत्महत्या का प्रयास किया है। उन्होंने यह भी बताया कि उस लड़की का पति कई आरोप में जेल भी जा चुका है। बताया जा रहा है कि शनिवार को घर में ही पति-पत्नी के बीच आपसी विवाद हुआ था। जिसमें लड़की ने अपनी बेटी के लिए दूध पिलाने के लिए पैसा मांगा। एयरपोर्ट थाना प्रभारी ने बताया कि परिवार वाले लोग यह समझ रहे थे कि वह लड़की नशे की आदि है और नशा करने के लिए उसे पैसे की जरूरत है। इस बात को लेकर परिवार के बीच विवाद हुआ और गुस्से में वह लड़की खुद को ब्लेड से कटकर आत्महत्या का प्रयास करने लगी। घायल अवस्था में पुलिस द्वारा उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल उस लड़की के परिवार के लोगों के द्वारा कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

### चार दिन से गायब मासूम, पानी भरे गड्ढे में मिली लाश, वैशाली में लोगों ने उपलाती हुई बॉडी देखी, पड़ोसी के घर पूजा में गया था

**हाजीपुर।** वैशाली के सहदेई बुजुर्ग थाना क्षेत्र की सलहा पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या-7 स्थित एक छोटे से गढ़ में चार दिन से घर से लापता 4 वर्षीय बच्चे का शुक्रवार रात शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर भेज दिया। मृतक बच्चा सलहा पंचायत के वार्ड संख्या सात निवासी अवधेश कुमार के पुत्र 4 वर्षीय कृष्णा बताया गया है जो कि कृष्णा तीन भाई बहन में सबसे छोटा था। स्थानीय लोगों ने शव को



पानी में उपलाता हुआ देखने के बाद इसकी सूचना आसपास के लोगों और घर वालों को दिया। बच्चे की पहचान कृष्णा के रूप में हुई। बताया गया कि वह 16 अप्रैल से ही घर से लापता था। वह अपने घर के बगल में हीं एक पूजा में शामिल होने के लिए गया था और वहीं से खेलते खेलते कहीं गुम हो गया। जिसके बाद चार दिनों के बाद उसका शव तालाब में मिला। घटना की सूचना मिलते हीं परिवार में कोहराम मच गया। माता प्रियंका देवी,दादा राजबल्म पासवान, दादी मंती एवं अन्य स्वजनों के चीत्कार से पूरा वातावरण गमगीन हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद सहदेई थाना के पुलिस पदाधिकारी दीपक कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### 10 फीट लंबा घड़ियाल गंगा किनारे दिखा, वैशाली में लोगों में दहशत, वन विभाग से रेस्क्यू की मांग की



**हाजीपुर।** वैशाली के राघोपुर प्रखंड के सुकुमारपुर गांव मे गंगा नदी किनारे बालू पर घड़ियाल के निकलकर विचरण करने की सूचना पर लोगों मे दहशत का माहौल है। गंगा नदी किनारे घड़ियाल लगातार देखा जा रहा है जिसको लेकर गंगा नदी में स्नान करने वाले लोगों में दहशत का माहौल है। स्थानीय अर्जुन कुमार ने बताया कि गंगा नदी में एक घड़ियाल लगातार दिख रहा है। प्रखंड के सुकुमारपुर और आसपास के ग्रामीणों की मानें तो घड़ियाल पहली दफा दो तीन पहले भी देखा गया था। लेकिन फिर उसे सुकुमारपुर घाट पर नाव के पास गंगा नदी किनारे में दिखा है। ग्रामीणों के अनुसार घड़ियाल करीब 10 या 12 फीट का है। वह पानी में जब डूब जाता है तो 10-20 मिनट के बाद निकलता है और पानी में तैरता दिखता है। स्थानीय अर्जुन राय ने बताया कि सुकुमारपुर घाट पर जहां लोग स्नान करते हैं, वहां घड़ियाल नदी से बाहर निकल कर बालू पर रहता है।

### कार ने व्यक्ति को मारी ठोकर, लोगों ने कहा-SDM की गाड़ी से हुआ हादसा, SKMCH में भर्ती

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में शनिवार को एक कार ने बाइक सवार व्यक्ति को टक्कर मार दिया। इसके बाद मौके से फरार हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। लोगों ने घायल व्यक्ति को इलाज के लिए SKMCH में भर्ती करवाया है। स्थानीय लोगों के अनुसार कार पश्चिमी एसडीएम की है। पूरी घटना सदर थाना क्षेत्र के पताही चौक के पास की है। वहीं, घायल व्यक्ति की पहचान सिउरी अएमा निवासी शिव लाल साह के रूप मे हुई है। घायल व्यक्ति के बेटे ने बताया कि अपने पिता



के साथ घर से शहर इलाज के लिए जा रहा था। इसी दौरान एक गाड़ी ओवरटेक कर रहा था। इसके बाद बेकाबू होकर बाइक में पीछे से टक्कर मार दिया। हमलोग सड़क पर गिर गए। इस दौरान पिता को गंभीर चोट आई है। घटना के बाद कार चालक गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में इलाज के लिए SKMCH में भर्ती करवाया है। लोगों का कहना है कि कार सरकारी नंबर वाला था। कार पश्चिमी SDM की थी। वहीं, पश्चिमी एसडीएम ब्रजेश कुमार ने मामले को लेकर कहा कि ऐसी कोई बात नहीं है। SDM की गाड़ी से इस प्रकार की कोई घटना नहीं घटी है।

# भारी मात्रा में नशे का इंजेक्शन बरामद, तीन धंधेबाज गिरफ्तार

## पूछताछ कर नेटवर्क खंगालने में जुटी पुलिस

**एजेंसी, पटना।**

पटना के कंकड़बाग थाना क्षेत्र से पुलिस ने भारी मात्रा में नशे का इंजेक्शन बरामद किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की है। पुलिस ने नशे का इंजेक्शन का कारोबार करने वाले 3 बदमाशों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने औषधि विभाग को इसकी सूचना दी है। औषधि विभाग की टीम बरामद सुई की जांच कर रही है।बिहार में शराबबंदी के बाद पटना में स्मैक, ब्राउन शुगर, नशीली कफ सीरप, नशे के इंजेक्शन का कारोबार काफी बढ़ गया है। पुलिस आए दिन इस ऐसे प्रतिबंधित नशीली पदार्थों को जब्त कर रही है। पटना से बरामद नशे के इंजेक्शन की कीमत लाखों में



आंकी गई है। फिलहाल औषधि विभाग इन इंजेक्शन की जांच कर रही है।

**3 को पुलिस ने दबोचाः** पटना के कंकड़बाग थाना के थानाध्यक्ष नीरज कुमार ठाकुर ने बताया कि शुक्रवार की देर रात सूचना मिली की पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के पास के एक दुकान में कुछ अवैध समान रखा गया है। इस समान को कहीं भेजने की तैयारी चल रही है। पुलिस ने दुकान के आसपास नजर बनाए रखा। देर रात 3 लोग आए और दुकान खोल कर कार्टन में रखा समान निकालने लगे। तभी पुलिस ने इनको पकड़ लिया।

**नेटवर्क खंगालने में जुटी पुलिसः** कार्टन में नशे का लाखों का इंजेक्शन रखा हुआ था। पुलिस पकड़े गए आरोपियों के थाना ले आई और समान जब्त कर लिया। फिलहाल पुलिस ये इंजेक्शन कहां से आया, किसके पास भेजा जा रहा था। इसकी जांच कर रही है। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से इस धंधे में शामिल और लोगों का नाम निकालने की कोशिश कर रही है।

तेजस्वी के सामने दी मेरी मां को गाली, वो चुप रहे

# चिराग पासवान बोले- आरजेडी हुड़दंगियों को देती है बढ़ावा

**एजेंसी, पटना।**



जमुई में तेजस्वी यादव की सभा में उनके मां को लेकर कहे गए अपशब्द लेकर एक बार फिर से चिराग पासवान ने तेजस्वी यादव और उनकी बहन मीसा भारती पर निशाना साधा है। चिराग पासवान ने आज इसको लेकर एक प्रेस कांफ्रेंस किया। उन्होंने कहा कि राजद का यह चाल चलन रहा है कि हुडदंगियों, और जंगल राज को बढ़ावा देना है। तेजस्वी यादव ने इस मामले पर कुछ नहीं कहा। यह कहकर कहकर किनारा कर लिया कि वह उस समय भाषण दे रहे थे। उसे पर चिराग पासवान ने कहा कि तेजस्वी यादव साफ तौर पर झूठ बोल रहे हैं। वीडियो में यह साफ दिख रहा है कि वह उस समय भाषण नहीं दे रहे थे। उनको भैया भैया बोलकर कोई उनके सामने गाली दे रहा था और वह चुप थे।

**यह आरजेडी का कल्चरः** उन्होंने एक बार फिर से 1990 के समय के जंगल राज को याद दिलाते हुए कहा कि उसे समय कैसे लोगों को गालियां दी जाती थी। यह आरजेडी का कल्चर ही है। ये लोग आज मेरी मां को गाली दे रहे हैं। कल यही हाल रहा तो गांव की महिला, बहन, बेटी को इनके कार्यकर्ता भी गाली देना शुरू कर देंगे। यह कहीं से भी अच्छी बात नहीं है। लालू यादव की बड़ी बेटी मीसा भारती ने इस घटना को दुखद बताया था। लेकिन उन्होंने चिराग पासवान से पूछा था कि मेरे पिता और बहन के बारे में सम्राट चौधरी जब बोल रहे थे, उस वक्त वे चुप क्यों थे। इसको लेकर चिराग पासवान ने कहा कि गाली देने और किसी को लेकर बयान या टिप्पणी करने में अंतर होता है। मीसा दी बाकी नेताओं को दिए गए बयानों को लेकर मेरी मां को दी गई गली को जस्टिफाई कर रही हैं। मैं बार-बार यह कहता हूं कि अगर मेरे साथ इस तरह की घटना होती। तो मैं कतई इसे बर्दाश्त नहीं करता।

# पांच अवैध क्लिनिकों पर छापेमारी, सभी फरार

**एजेंसी, पटना।**

पटना के दानापुर थाना इलाके में चल रहे अवैध रूप से क्लिनिक पर प्रशासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। 13 अप्रैल को दानापुर अनुमंडल अस्पताल के पीछे स्थित चाइल्ड केयर नामक फर्जी क्लिनिक में डिलीवरी के लिए आई प्रसूता महिला की ऑपरेशन के बाद मौत हो गई थी। इसके बाद मृतका के परिजनों ने क्लिनिक और डॉक्टर संटू और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज करवाया था। डॉक्टर को गिरफ्तार कर पूछताछ के दौरान उसने पांच अन्य फर्जी क्लिनिक का नाम बताया था। दानापुर थानाध्यक्ष ने इसकी जांच की की थी। जिसके बाद दानापुर अनुमंडलाधिकारी के निर्देश पर अंचलाधिकारी के नेतृत्व में टीम गठित कर उन क्लिनिकों पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान अवैध रूप से संचालित लगभग सभी क्लिनिक संचालक क्लिनिक



♦ दानापुर में महिला की मौत के बाद हुई थी प्राथमिकी, गिरफ्तार डॉक्टर ने खोला राज

बंद कर फरार हो गए। इस संबंध में दानापुर अंचलाधिकारी चंदन कुमार ने बताया कि दानापुर थानाध्यक्ष के अनुसंशा के बाद अनुमंडलाधिकारी के नेतृत्व में दानापुर पुलिस के साथ थाना क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित पांच क्लिनिकों पर छापेमारी की गई है।

# होमवर्क नहीं किया, टीचर ने चम्मच से दो बच्चों को दागा, प्रिंसिपल बोले- नहीं है जानकारी

## पटना में मामला दर्ज, आरोपी शिक्षक फरार

**एजेंसी, पटना।**

पटना के कंकड़बाग थाना क्षेत्र के एक निजी स्कूल के शिक्षक ने दो छोटे बच्चों को चम्मच गर्म कर दाग दिया। बच्चें चीखते रहें। स्कूल के बाकी शिक्षकों और प्रिंसिपल भी इस बात से अनजान हैं। बच्चे जब अपने घर गए और सारी बात अपने घर वालों को बताया, तो परिजनों ने स्कूल में फोन किया, लेकिन स्कूल की तरफ से इस बारे में कोई जवाब नहीं दिया गया। वहीं अब परिजनों ने कंकड़बाग थाने में आरोपी स्कूली टीचर के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने बच्चों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया है। पटना के कंकड़बाग थाने में बच्चों के माता-पिता ने बताया कि हमारे बच्चे अशोक नगर के आधेकेतन पब्लिक



स्कूल में पढ़ते हैं। दोनों रोज की तरह स्कूल गए। जब बच्चे घर आए तो उनके पैर पर कई जगह जलने का निशान था। पूछने पर बच्चों ने बताया कि होमवर्क नहीं बनाया था, इसीलिए टीचर भड़क गए और दोनों को चम्मच गर्म कर दाग दिया। मासूम इस दौरान चीखते-चिल्लाते रहे। आरोपी शिक्षक का नाम सोनी बताया जा रहा है, जिसके बाद स्कूल में फोन किया गया, लेकिन सामने से स्कूल बंद होने की बात कहकर फोन काट दिया गया, जिसके बाद कंकड़बाग थाना में मामला दर्ज कराया गया है।

**आरोपी शिक्षक फरारः** कंकड़बाग थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि होम वर्क नही करने पर टीचर के द्वारा दो बच्चों को गर्म चम्मच से दागने का मामला सामने आया है। आरोपी टीचर सोनी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। स्कूल के प्रिंसिपल से बात की गई, प्रिंसिपल ने बताया कि इस बारे में उनको कोई जानकारी नहीं है। आरोपी टीचर के घर पुलिस पहुंची, लेकिन वह फरार है। उसका मोबाइल भी बंद है। पुलिस आरोपी टीचर को तुरंत गिरफ्तार कर लेगी। पुलिस स्कूल के प्रिंसिपल से भी पूछताछ करेगी।

# वर्ल्ड रोबोट ओलिंपियाड में भाग ले सकेंगे CBSE के छात्र, रजिस्ट्रेशन की आखिरी तारीख 6 मई और 2 जून

**एजेंसी, पटना।**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) ने अपने संबद्ध स्कूलों के प्राचार्यों से 18वें वर्ल्ड रोबोट ओलंपियाड (WRO) इंडिया 2024 में भाग लेने के लिए एक सर्कुलर जारी किया है। इस वर्चुअल चैंपियनशिप इवेंट के लेवल 1 का आयोजन 'फ्यूचर इनोवेटर्स' कैटेगरी के तहत किया जाएगा। सीबीएसई ने स्कूलों को सूचित किया गया है कि 'फ्यूचर इनोवेटर्स' कैटेगरी में एक टीम के लिए एंट्री बिल्कुल फ्री है। इस कैटेगरी के लिए स्कूल अपनी पसंद की किसी भी तकनीक का उपयोग कर सकते हैं।

**रजिस्ट्रेशन की आखिरी तारीख 6 मई और 2 जूनः** इस कंपटीशन को तीन आयु वर्ग में बांटा गया है, जो प्राथमिक वर्ग (8 से 12



वर्ष), जूनियर (11 से 15 वर्ष) और सीनियर (14 से 19 वर्ष) हैं। लेवल 1 इवेंट के लिए रजिस्ट्रेशन की आखिरी तारीख 6 मई (इवेंट-3) और 2 जून (इवेंट-4) है। इवेंट- 3 के लिए सबमिशन की अवधि 7 से 13 मई है। वहीं, इवेंट- 4 के लिए, यह 3 से 9 जून तक है। इवेंट 3 का रिजल्ट 30 मई को और इवेंट 4 का रिजल्ट 17 जून को घोषित किया गया। सीबीएसई ने स्कूलों से भाग लेने का आग्रह किया है, ताकि छात्रों के बीच प्रॉब्लम सोंल्वविंग, क्रिटिकल थिंकिंग आदि का विकास हो सके।

**प्रतियोगिता के दिन प्रतिभागी प्रस्तुत करेंगे अपने रोबोट मॉडलः** लेवल 1 के कार्यक्रम वर्चुअल हैं और इसमें छात्रों को सीजन की थीम के अनुरूप इनोवेटिव, इंटेलीजेंट रोबोटिक्स

**प्रतिभागी प्रस्तुत करेंगे अपने रोबोट मॉडल**

सलूशन बनाने में शामिल किया गया है। प्रतियोगिता के दिन प्रतिभागी जजों के सामने प्रोजेक्ट और रोबोट मॉडल प्रस्तुत करेंगे। इस से संबंधित जानकारी के लिए छात्र ऑफिशियल वेबसाइट www.wroindia.org पर विजिट कर सकते हैं या फिर wro@indiastemfoundation.org पर ईमेल भेज सकते हैं। वर्ल्ड रोबोट ओलंपियाड इंडिया 2024 का आयोजन राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा इंडिया STEM फाउंडेशन के सहयोग से किया जा रहा है। इस बार इस चैंपियनशिप की थीम "Earth Allies" है।

मंदिर में हुई चोरी का खुलासा

# 24 घंटे के अंदर पुलिस ने चोर को पकड़ा, सामान बरामद

**एजेंसी, पटना।**

पटना सिटी के राम जानकी मंदिर से चोरी गई सामान को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर बरामद कर लिया है। पुलिस ने इसके साथ ही चोर को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार चोर से पूछताछ के बाद पुलिस ने मंदिर से चोरी गई सामान को भी बरामद कर लिया है। घटना की पुष्टि चौक थाना प्रभारी शशि कुमार राणा ने की है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि पटना सिटी के मोर्चा रोड स्थित राम जानकी मंदिर में शुक्रवार को एक चोर के द्वारा मंदिर में लगे घंटी के साथ-साथ सिंहासन, मूर्ति ,नगद रुपए, दीया, थाली, लोटा चोरी कर ली गई थी। घटना के बाद मंदिर के पुजारी रघुनाथ पांडे ने पटना सिटी के चौक थाने में इसकी लिखित शिकायत की थी। मामला दर्ज होने



के बाद पुलिस ने मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरा को खंगाला था पुलिस ने चोरों को पकड़ने के लिए एक टीम गठित की। सीसीटीवी के आधार पर पुलिस ने उसकी पहचान राहुल कुमार 21 वर्ष मंसूरगंज के रूप में की है। पुलिस ने राहुल कुमार को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के क्रम में राहुल कुमार ने मंदिर में चोरी की बात को स्वीकार किया है।

फिट टू मूव और फिट टू वोट की अपील

# आयुक्त, डीएम, एसएसपी ने लगाई पटना की सड़कों पर दौड़

**एजेंसी, पटना।**

लोकसभा चुनाव में वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए अधिकारी ग्राउंड पर जीतोड़ कसरत कर रहे हैं। लेकिन लोगों से जो अधिकारियों को कनेक्ट होना चाहिए। वो नहीं दिख रहा है। पटना साहिब और पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र में मतदाताओं को जागरूक कर के स्वीप और वोटर टर्न आउट बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से वॉकथन और मैराथन का आयोजन किया गया। जिसमें गांधी मैदान के गेट नंबर एक से लेकर गंगा पथ तक दो कैटेगरी में इसे डिवाइड किया गया था। इसमें तीन किलोमीटर का फन रन और 5 किलोमीटर का मैराथन दौड़ शामिल था।

**आयुक्त, डीएम, एसएसपी समेत अधिकारियों ने लगाई दौड़ः** सुबह सुबह पटना आयुक्त कुमार रवि, पटना डीएम शीर्षत



अशोक कपिल, डीआईजी सह पटना एसएसपी राजीव मिश्रा समेत अन्य अधिकारियों ने भी इस दौड़ में हिस्सा लिया। अन्य लोगों के साथ सभी अधिकारी गंगा पथ पर दौड़ लगाते नजर आए। दौड़ शुरू होने से पहले शामिल होने आए लोगों को आयुक्त के द्वारा शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान लोगों ने निर्भीक होकर धर्म, मूलवंश, जाति, समुदाय, अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना वोट देने की शपथ ली। बता दें कि कल प्रथम चरण के मतदान में बिहार के लोकसभा सीटों पर मतदान प्रतिशत 50 से भी कम रहा। पटना में 1 जून को वोट पड़ेगा।

# बिहार के 13 जिलों में लू का यलो अलर्ट, पारा पहुंचा 43 डिग्री के करीब

## 22 अप्रैल के बाद मिल सकती है राहत

**एजेंसी, पटना।**

बिहार के कई जिलों में आज भी मौसम शुष्क बना रहेगा। मौसम विभाग की ओर से प्रदेश के 13 जिलों में आज लू का यलो अलर्ट जारी किया गया है। अगले 48 घंटे में अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री की बढ़ोतरी का पूर्वानुमान है। शुक्रवार को शेखपुरा जिला सबसे गर्म राजा का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रदेश में 11 जिलों का तापमान 43 डिग्री के करीब पहुंच गया है।



**राजस्थान से आ रही गर्म हवा के कारण बढ़ रही गर्मीः** पटना मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एसके पटेल ने बताया कि राजस्थान से आ रही उत्तरी-पश्चिमी शुष्क हवा, वायुमंडल में आर्द्रता की कमी और कड़ी धूप होने से अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। हवा 25 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चल रही है। यह स्थिति तीन दिन से है। अगर हवा की यही रफ्तार और पहले से रहती तो तापमान 45 डिग्री तक पहुंच जाता।

**आज इन जिलों में लू को लेकर अलर्टः** मौसम विभाग की और से आज प्रदेश के 13 जिलों में लू चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। जिसमे बेगूसराय, गोपालगंज, सीवान, बक्सर, कैमूर, शेखपुरा, नवादा, औरंगाबाद, खगड़िया, रोहतास, गया, लखीसराय और जमुई शामिल है।

**बिहार में दो तरह का मौसम देखने को मिल रहाः** मौसम विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार बिहार में इन दिनों दो तरह का मौसम है। दक्षिण बिहार में तापमान बढ़ रहा है, वहीं सीमांचल और इससे सटे इलाके में नहीं। सीमांचल और इससे सटे इलाके में अधिकतम तापमान नहीं बढ़ने की वजह साइक्लोनिक सर्कुलेशन है।

### संक्षिप्त समाचार

## अर्धनग्न अवस्था में मिला बुजुर्ग का शव :लू लगने से जताई जा रही मौत की आशंका



**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा में एक अधेड़ के शव को पुलिस ने शुक्रवार को बरामद की। मामला बिन्द थाना क्षेत्र अंतर्गत मीरा चक गांव के छोटकी खिली खंधा का है। देर शाम पुलिस शव को लेकर बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंची। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। वहीं शव मिलने की सूचना पर इलाके में सनसनी फैल गई। बिन्द थाना अध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि मीराचक गांव के खंधा से एक अधेड़ का अर्धनग्न शव बरामद की गई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची जहां से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। प्रथम दृष्टया लू लगने से मौत की आशंका व्यक्त की जा रही है। अधेड़ की उम्र करीब 45 से 50 वर्ष के बीच है। अधेड़ ने सिर्फ लूंगी पहन रखी था। अधेड़ एक पैर से दिव्यांग है। फिलहाल पुलिस शव की पहचान के लिए आसपास के थानों एवं सोशल मीडिया का सहारा ले रही है। शव के पहचान होने के उपरांत ही विस्तृत जानकारी दी जा सकती है। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

## सुल्तानगंज स्टेशन का एडीआरएम ने लिया जायजा

**भागलपुर/सुल्तानगंज, एजेंसी।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत सुल्तानगंज रेलवे स्टेशन पर चल रहे कार्यों का निरीक्षण शुक्रवार को मालदा मंडल के एडीआरएम शिव कुमार सहित साथ चल रहे डीईएन गति शक्ति यूनिट, पंकज कुमार सहित डिविजनल स्तर के कई अधिकारी ने किया। इस दौरान स्टेशन अधिक्षक गिरिश प्रसाद सिंह मौजूद थे। इन अधिकारियों ने अमृत सुल्तानगंज स्टेशन के सौदर्यीकरण व यात्री सुविधा को लेकर स्टेशन परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। कहा गया कि हर हाल में श्रावणी मेला के पूर्व कार्य पूरा कर लिया जाये। वहीं बढ़ती गर्मी को लेकर स्टेशन पर चार वाटर कूलर लगाने का भी निर्देश दिया गया। इस दौरान प्लेटफार्म संख्या 1 से 4 तक जाने के लिए 12 मीटर चौड़ा फुट ओवर ब्रिज भी बनकर तैयार हो जाएगा।

## डिप्टी सीएम का हेलीकॉप्टर उतरा सुल्तानगंज

**भागलपुर/सुल्तानगंज, एजेंसी।** उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का हेलीकॉप्टर शुक्रवार सुबह कृष्णानंद स्टेडियम सुल्तानगंज में उतरा। यहां से अधिकारी उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच लखनपुर स्थित मतदान केंद्र ले गए। जहां डिप्टी सीएम ने अपना मतदान किया तथा वापस सुल्तानगंज पहुंच हेलीकॉप्टर से गंतव्य की ओर प्रस्थान कर गए। मौके पर उपस्थित नगर परिषद के मुख्य पार्षद बांका लोकसभा कोर कमेटी के सदस्य राजकुमार गुड्डू, नगर अध्यक्ष नवीन कुमार बन्नी, मंडल अध्यक्ष संजय कुमार चौधरी, वरीय भाजपा नेता अरुण कुमार चौधरी, विकास कर्ण इत्यादि ने उनका स्वागत बुके और अंगवस्त्र देकर किया। सभापति ने बताया कि हेलीपैड स्थल पर उपस्थित कार्यकर्ता से मिलने के दौरान उन्होंने कहा कि 40 में से 40 सीट लाकर बिहार की जनता मोदीजी का हाथ मजबूत करेंगी। मतदाताओं पर मुझे पूर्ण भरोसा है। चुनाव के बाद सुल्तानगंज आने का आश्वासन दिया।

## दहेज देने जा रहे पिता को अपराधियों ने मारी गोली

**सीतामढ़ी, एजेंसी।** सीतामढ़ी में दहेज का रुपया देने जा रहे पिता को अपराधियों ने गोली मार कर एक लाख रुपए लूट लिया। घटना मेजरगंज थाना क्षेत्र के सोनौल महादेव पावर सब स्टेशन के पास की बताई जा रही है। घायल की पहचान नेपाल के सरलाही जिला निवासी प्रमोद महतो के रूप में किया गया है। फिलहाल घायल का इलाज शहर के निजी अस्पताल में चल रहा है। है। घायल के बेटे काशी कुमार ने बताया कि उसके पिता नेपाल से पैसे लेकर इंडिया पहुंचे। इंडियन करेंसी में पैसे को बदलकर लड़के के घर जा रहे थे। इस दौरान सोनल महादेव पावर सब स्टेशन के पास एक बाइक पर सवार 3 अपराधियों ने उन्हें पहले घेरा। इसके बाद पैसे से भरे बैग को छीनना चाहा। जब उन्होंने विरोध किया तो पेट में गोली मार कर रुपय लेकर फरार हो गए।

## किशनगंज में पूर्व विधायक बोले- वोट कैंडिडेट का चेहरा देखकर नहीं, राहुल गांधी के नाम पर दें

# खड़गे के सामने कांग्रेस प्रत्याशी पर जताई नाराजगी



**किशनगंज, एजेंसी।** किशनगंज में शुक्रवार को कांग्रेस प्रत्याशी डॉ जावेद के समर्थन में हो रही जनसभा में लोग उस समय अचंभित रह गए, जब पार्टी के पूर्व विधायक तौसीफ आलम ने भरे मंच से ये कह दिया कि जनता डॉ जावेद से नाराज है। उन्होंने कहा कि आज तीन पार्टी किशनगंज से चुनाव लड़ रही है, लेकिन आपको यह नहीं देखना है कि फलाना कैंडिडेट अच्छा है, फलाना कैंडिडेट खराब है। आपको देश का सम्मान, देश का संविधान और देश का नक्शा बचाना है।

तौसीफ आलम जब ये बातें कह रहे थे, उस समय मंच पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी मौजूद थे। पूर्व विधायक ने उनके सामने लोगों को संबोधित करते हुए कहा- मैं जानता हूं कि आप लोग डॉ जावेद के खिलाफ हैं, लेकिन आपको उन्हें देखकर वोट नहीं देना है। आपको जो वोट देना है, वह कांग्रेस पार्टी को देना है। राहुल गांधी का चेहरा देखकर वोट देना है।

### राहुल गांधी पीएम बनेंगे तो एएमयू को पैसा मिलेगा

उन्होंने कहा कि 2010 में एएमयू का शाखा खोला गया था। तब मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे। सोनिया गांधी ने आकर एएमयू शाखा का उद्घाटन किया था, लेकिन आज तक एएमयू को फंड नहीं मिला। जब राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनेंगे, तब एएमयू का पैसा देना होगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि किशनगंज में रोजगार का काफी अभाव है।

यहां के लोग दिल्ली, मुंबई, हरियाणा, पंजाब जैसे शहर में रोजगार के लिए जाते हैं। उन्होंने कहा, टिकट मैं भी मांगने गया था, लेकिन पार्टी के शीर्ष नेताओं के यहां से मुझे कहा गया कि कांग्रेस में सिटिंग सांसद का टिकट नहीं काटा जाता है। पूर्व विधायक ने खुले मंच से कहा कि मैं जानता हूं कि यहां के लोगों की डॉ. जावेद से शिकायत है। वह क्षेत्र में नहीं रहते हैं, लेकिन अभी जो मौजूदा वक्त है और हालत हैं, उसे देखते हुए आप कांग्रेस पार्टी को ही वोट दें और राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाएं। तौसीफ आलम ने कहा कि वोट इधर-उधर नहीं दें, नहीं तो बीजेपी जीत जाएगी। फिर देश में सब कानून लगा देंगे और हम लोग कहीं के नहीं रहेंगे। इसलिए वोट कांग्रेस को दें।

### हमारी सरकार बनी तो पेपर लीक बंद करा देंगे-खड़गे

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शुक्रवार को चुनाव प्रचार करने किशनगंज पहुंचे थे। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा है कि अगर कांग्रेस की सरकार देश में आई तो हम पेपर लीक को बंद कर देंगे। सभी युवाओं को एक लाख रुपए दिया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भी निशाना साधा। कहा कि चाचा अब बूढ़े हो गए हैं। जो एक बार गए हैं, उन्हें जाने दो। अब दोबारा मत मंगवाओ। नीतीश जी सिर्फ पलटूराम हैं, इधर से उधर करते रहते हैं।

# ट्रक ने ऑटो में मारी टक्कर, 6 लोग जख्मी हादसे में तीन की स्थिति काफी नाजुक

### स्थानीय लोगों ने अस्पताल में कराया भर्ती

**आरा (भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर जिले के नगर थाना क्षेत्र के धनुपरा गांव के समीप शुक्रवार को ट्रक ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण सड़क हादसे में दो महिला समेत आधा दर्जन लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सभी जख्मियों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां सभी का इलाज कराया जा रहा है। जख्मियों में पवना थाना क्षेत्र के पवना गांव निवासी राकेश प्रसाद की 34 वर्षीय पत्नी पूनम देवी, उनका 11 वर्षीय बेटा रोहित कुमार, गीधा ओपी अंतर्गत बीरमपुर गांव निवासी बलिराम राय की 45 वर्षीय पत्नी लगमानों देवी है। उदवंत नगर थाना क्षेत्र के बेलाउर गांव निवासी तवकल पासवान के 60 वर्षीय पुत्र रामबचन पासवान समेत 6 लोग जख्मी है।



### ट्रक चालक वाहन लेकर फरार

इधर,जख्मी महिला पूनम देवी के पति राकेश प्रसाद ने बताया कि पत्नी बेटे के साथ बीरमपुर से ऑटो पकड़कर कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के सरैया गांव अपने मायके शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रही थी। इसी बीच धरहरा के समीप सामने आ रहे ट्रक ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया।

### ऑटो वाले की गलती थी

जख्मी रामबली राम ने बताया कि अपनी बेटी के लिए लड़का देखने के लिए बीरमपुर गांव गए हुए थे। जब वापस ऑटो पड़कर आ रहा आ रहे थे, तभी ऑटो ड्राइवर की गलती के कारण सामने से आ रहे हैं ट्रक ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में सभी जख्मी हो गए । इसके बाद सभी जख्मियों को इलाज के लिए ग्रामीणों की मदद से आरा सदर अस्पताल लाया गया। वही इस हादसे में जख्मी तीन लोगों की स्थिति काफी गंभीर बताई जा रही है।

# हथियार-कारतूस के साथ एक तस्कर गिरफ्तार : हथियारों की खरीद फरोख्त करता था बदमाश,

### दो रायफल, एक देसी कट्टा भी बरामद

**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा की मानपुर पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए हथियार तस्कर को पकड़ने में सफलता हासिल की है। मानपुर थाना अध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध हथियारों की बरामदगी के लिए लगातार गुप्त सूचना पर छापेमारी की जा रही है।



थानाध्यक्ष ने बताया कि गोंगरी पर निवासी विकास कुमार उर्फ बटोरन अवैध हथियारों की खरीद बिक्री करता है तथा अवैध हथियार को बेचने के लिए लाकर घर में रखे हुए है। इसके बाद कार्रवाई करते हुए गोंगरी पर गांव स्थित विकास कुमार के घर की घेराबंदी की गई। जहां छापेमारी के क्रम में विकास कुमार के कमरे के बेड के नीचे से एक देसी कट्टा, दो देसी राइफल, 19 जिंदा कारतूस एवं एक खोखा बरामद किया गया एवं मौके से विकास कुमार उर्फ बटोरन को गिरफ्तार कर लिया गया।

इसको लेकर मानपुर थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। विकास का आपराधिक इतिहास के संबंध में पता लगाया जा रहा है। साथ ही हथियार के स्रोत का भी पुलिस पता लगाने में जुट गई है। छापेमारी टीम में मानपुर थाना अध्यक्ष सुमन कुमार, प्रशिक्षु दरोगा संतोष कुमार सुमन एवं मानपुर थाना के सशस्त्र पुलिस बल शामिल रही।



# खाना बनाते समय सिलेंडर से निकली चिनगारी, घर जलकर राख

**जमुई, एजेंसी।** जमुई के खैरा थाना क्षेत्र में आग लगने से एक घर में मौजूद 7 लाख का सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार घटना अमारी गांव की है और शुक्रवार की रात खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर से निकली चिनगारी से आग लगी थी। घर के मालिक राजेंद्र तांती के बेटे उदय तांती ने बताया कि उनकी पत्नी किचन में खाना बना रही थी। इस दौरान चूल्हे से चिनगारी निकली और आग लग गई। जब तक उसको बुझाने के लिए कोशिश की तब तक आग बहुत फैल गई। इससे घर में रखा पांच लाख रुपए नगद, सोने-चांदी के गहने, कपड़ा और बर्तन सहित सारा अनाज जलकर राख हो गया। पीड़ित ने बताया कि वह कमेटी चलता है इसलिए घर में 5 लाख रुपए कैश मौजूद था। जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाते हुए मुआवजा की मांग की। वहीं घटना की जानकारी के बाद खैरा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष शशि भूषण झा ने बताया कि घर में खाना बनाने के दौरान आग लगी। नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है और साथ ही जांच की जा रही है।

# पूर्णिया में मायके आई एक्स-गर्लफ्रेंड की हत्या

### 4 महीने पहले घरवालों की मर्जी से की थी शादी; घर में अकेली थी, गला दबाकर मार डाला

**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया में प्रेमी ने अपनी एक्स-गर्लफ्रेंड की गला दबाकर हत्या कर दी। 4 महीने पहले ही प्रेमिका ने घर वालों की रजामंदी से बंगाल के एक लड़के से शादी की थी। इसी बात से प्रेमी नाराज चल रहा था। गुरुवार रात प्रेमिका के घर के सभी लोग गांव में नाच देखने चले गए। जिसका फायदा उठाकर प्रेमी ने प्रेमिका की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या को आत्महत्या में बदलने के लिए शव को फंदे से लटकाकर फरार हो गया। लड़की का गला दबाने और खरोंच के गहरे निशान देख घर वालों को हत्या का शक हुआ। जिसके बाद लड़की की हत्या का राज खुला। मामला कसबा के कालीबाड़ी गांव की है। मृतका की पहचान कसबा थाना क्षेत्र के वार्ड-2 के कालीबाड़ी गांव निवासी वंदना कुमारी (19) के रूप में हुई है। शुक्रवार सुबह लड़की की उसके कमरे में लाश मिली।



### दरवाजा अंदर से बंद था

लड़की की मां ने जैसे कमरा खोला फंदे से लटकती उसकी लाश देखकर उसके होश ही उड़ गए। घर के दूसरे सदस्य और आसपास के लोग मौके पर जुटे। जिसके बाद पुलिस को जानकारी दी गई। घर वालों की शिकायत पर पुलिस ने लड़के को उसके घर से पकड़ा। पुलिस की पूछताछ में आरोपी प्रेमी ने हत्या की बात कबूल ली। जिसके बाद पुलिस ने प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। मृतका की मां सरस्वती देवी ने कहा कि दरवाजा अंदर से लगा था। हम सरिया से दरवाजे को खोले। तब देखा मेरी बेटी साड़ी से बने फंदे से लटकी थी। आरोपी कमरे में वेंटिलेटर से आया था।

### दिसंबर में शादी हुई थी

मृतका वंदना कुमारी का गांव के ही सोलेन्ट कुमार (24) से पिछले 4 महीने पहले तक लव अफेयर चल रहा था। दिसंबर में बंगाल के रहने वाले एक लड़के से बेटी की शादी कर दी गई थी। शादी के बाद से ही प्रेमी नाराज चल रहा था और वो लगातार परेशान कर रहा था।

### ससुराल में भी किया था हंगामा

इससे पहले भी प्रेमी ने ससुराल जाकर बखेड़ा खड़ा किया था। जिसके बाद गांव में पंचायत बैठी। फिर जाकर किसी तरह मामला शांत हुआ था। इन्हीं सब बातों से लड़का नाराज चल रहा था। गुरुवार रात घर के सभी सदस्य गांव में ही नाच देखने गए थे। लड़की घर में अकेली थी। मौका पाकर प्रेमी घर में घुसा और हत्या कर दी।

### लड़की ने अपने आप को बचाने की कोशिश की थी

इस दौरान लड़की ने खुद को बचाने की काफी कोशिश की। जिससे उसके शरीर पर नोचने के भी निशान थे। इसी के बाद उन्हें लड़के पर शक हुआ। कॉल कर पुलिस को घटना की जानकारी दी और फिर लड़के के ऊपर मामला दर्ज कराया।

### प्रेमी ने अपना गुनाह स्वीकार किया

कसबा थानाध्यक्ष अजय कुमार अजनबी ने बताया कि परिजनों की लिखित शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए लड़के को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की गई। जिसके बाद प्रेमी ने प्रेमिका की हत्या का जुर्म कबूल लिया। फिलहाल लड़के को गिरफ्तार कर लिया गया है और जेल भेजा जा रहा है।

# जवान की पिस्टल छिनकर कस्टडी से भाग रहे कुख्यात को पुलिस ने मारी गोली



### 51 लाख रुपए के आभूषण लूट में था शामिल

**मुजफ्फरपुर , एजेंसी।** बिहार के मुजफ्फरपुर में अहले सुबह पुलिस और अपराधियों में मुठभेड़ हुई है. इस मुठभेड़ में अपराधियों के पैर में गोली लगी है. मुजफ्फरपुर के फकुली थान क्षेत्र के इलाके में शुक्रवार की अहले सुबह पुलिस और अपराधी के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें सदर थाना क्षेत्र के आरडीएस कॉलेज के समीप ज्वेलरी शॉप 51 लाख रुपए के आभूषण लूट में शामिल शातिर लुटेरा को गोली लगी जिससे वह मौके पर ही घायल हो गया. पुलिस ने आनन-फानन में इलाज के लिए एसकेएमसीएच में भर्ती कराया गया, जिसके बाद उसे पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है. घायल अपराधकर्मी की पहचान वैशाली जिले राजपकर गांव के अनुपम झा के रूप में हुई है. अनुपम झा सोना लूट के कई मामले में वांटेड था. छत्तीसगढ़ के एक सोना लूट के बड़े मामले में पुलिस की अभिरक्षा से फरार चल रहा था. मुजफ्फरपुर पुलिस कुख्यात लुटेरे अनुपम झा को जम्मू कश्मीर से गिरफ्तार कर ला रही थी. इसी दौरान फकुली थाना क्षेत्र में अपराधकर्मी ने शौच जाने की बात कही. इस दौरान पुलिसकर्मी ने शौच जाने की अनुमति दी लेकिन अपराधकर्मी ने एक पुलिसकर्मी को धक्का मारकर उसका पिस्टल छीन लिया और भागने लगा. इस दौरान पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में अपराधकर्मी को दो गोली दोनों पैर के घुटने नीचे मारी जिसके बाद वह मौके पर घायल हो गया. उसे इलाज के लिए एसकेएमसीएच लाया गया. एसएसपी राकेश कुमार ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि सुबह 4 बजे एक अपराधकर्मी को गिरफ्तार करके लाया जा रहा था इस दौरान अपराधकर्मी ने कहा कि उसे शौच लगा है. इसके बाद पुलिसकर्मी ने उसे शौच जाने के लिए गाड़ी रोक दी लेकिन इसी दौरान अपराधकर्मी ने पुलिस को धक्का मारते हुए उसका पिस्तौल छीनकर भागने लगा. इस दौरान पुलिस ने अपनी कार्रवाई करते हुए अपराधकर्मी को दो गोलियां मारी हैं जिसमें दोनों गोलिया पैर में घुटने के नीचे लगी. फिलहाल आरोपी को PMCH रेफर किया गया है.

# ट्रेन के चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**भागलपुर/सुल्तानगंज, एजेंसी।** सुल्तानगंज-भागलपुर रेलखंड पर महेशी रेलवे स्टेशन के पास पोल संख्या 323/7 के समीप डाउन लाइन पर मालगाड़ी की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान पुरानी मोतीचक निवासी 30 वर्षीय संजय कुमार मंडल के रूप में हुई है। शुक्रवार की दोपहर घटी घटना की जानकारी सुल्तानगंज थाना की पुलिस जीआरपी को सूचना दी। जीआरपी ने क्षत-विक्षत शव को कब्जे में लिया। घटना के संबंध में मृतक के भाई जलधर मंडल ने बताया कि भाई संजय मंडल महेशी से ट्रेन से भागलपुर जाने के लिए महेशी स्टेशन आया था। वो कम सुनता था। मालगाड़ी की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के संबंध में चर्चा का बाजार गर्म है। लोग तरह तरह की बातें कर रहे हैं। चर्चा है कि कर्ज की वजह से मृतक परेशान था। जिससे वह दबाव में था। वहीं गांव में कुछ लोग ये भी बता रहे हैं कि मृतक की पत्नी भांजे के साथ दो दिन पहले से फरार थी। लोग आशंका जता रहे हैं कि उसने आत्महत्या की नीयत से ट्रेन के सामने कूद गया। इस मामले में थानाध्यक्ष प्रियरंजन ने बताया कि मृतक के बड़े भाई के आवेदन यूडी कांड दर्ज किया गया है। शनिवार को शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। इधर मृतक के परिजन का रोते बुरा हाल है। मृतक की पत्नी कंचन देवी के दो पुत्र व एक बेटी है।

# लोकसभा चुनाव को लेकर वाहन जांच में तेजी

चाण्क्य भूमि(कनकलता)



**बेतिया।** एनएच 727 के नानोसती चौक एवं श्रीपुर चौक पर लोकसभा चुनाव को लेकर एसपी के निर्देश पर वाहनों का गहनता से जांच की गई।इस जांच अभियान के तहत गाड़ियों का कागज डिक्की एवं अन्य जरूरी कागजातों की जांच किया गया।इंसपेक्टर सह थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि चुनाव को मद्देनजर यह जांच अभियान चलाया जा रहा है।सभी आने जाने वालों पर पैनी नजर रखी गई है।सभी तरह के गतिविधियों पर प्रशासन की नजर है।इस जांच अभियान का नेतृत्व स्वयं थानाध्यक्ष पुलिस दल बल के साथ कमान संभाले हुए हैं।बिना कागज का कई वाहनों को पुलिस ने जब्त किया,जिसे साक्ष्य प्रस्तुत करने पर छोड़ा गया।

# शराब तस्कर छोटे-छोटे बच्चों का भी इस्तेमाल करने से बाज नहीं आ रहे

चाणक्य भूमि संवाद सूत्र

बिहार में शराबबंदी कानून लागू होने के बावजूद शराब तस्करों द्वारा नीत नये हथकंडे अपनाकर कारोबार को धड़ल्ले से फल-फूला रहे है। पुलिस की लाख कोशिशों के बावजूद हर दिन दूसरे राज्यों से शराब बिहार पहुंच रही है। शराब माफिया रोज नए-नए हथकंडे अपनाते रहतें है,उनके द्वारा अब इस धंधे में छोटे-छोटे बच्चों का भी इस्तेमाल भी शुरू कर दिया गया है। मधुबनी से एक ऐसा ही मामला सामने आया है जहाँ शराब तस्कर छोटे-छोटे बच्चों को अपना मोहरा बना रहे हैं। पैसों का लालच देकर शराब माफिया मासूम बच्चों से शराब की डिलिवरी करा रहे हैं। इसका खुलासा तब हुआ जब मधुबनी स्टेशन पर जीआरपी ने शराब की खेप के साथ 6 मासूम बच्चों को ट्रेन से पकड़ा। पकड़े गये बच्चे जयनगर से शराब की खेप लेकर मधुबनी जा रहे थे जिनकी उम्र 8 से 12 साल के बीच है और इनके पास से भारी मात्रा मे शराब बरामद हुई है। जयनगर जीआरपी थाना अध्यक्ष वीना कुमारी ने बताया कि बच्चों से पूछताछ की जा रही है और जल्द ही इस गिरोह में शामिल अन्य लोगों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। ऐसा माना जा रहा है कि सभी बच्चे गरीब परिवारों से है और पैसे के लालच में इनसे यह काम कराया जा रहा है।















# आखिर VTR को आग से हुये कई नुकसान के बाद जागे वन अधिकारी



चाणक्य भूमि बेतिया

VTR में आए दिन आग लगने की घटनाएँ हो रही है जिसकी वज़ह से जहां वन विभाग को करोड़ों की वन सम्पदा का नुकसान झेलना पड़ रहा है वहीं कई एकड़ जमीन से जंगलों का सफाया भी हो रहा है। हालाँकि अधिकारी गर्मी से पहले आग से बचाव की तैयारी कर लेते हैं परंतु इस साल जिस तरह से आग की घटनाओ में वृद्धि हुई है उसे देखते हुये उनकी तैयारी को कम माना जाता है। परंतु अब अधिकारियों ने इसके लिये कमर कस ली है। वीटीआर प्रशासन ने उड़नदस्ता टीम का गठन किया है, जो सादे लिबास में वनक्षेत्र में तैनात किए गए हैं। ये आग लगाने वालों पर ये विशेष नजर रखेंगे। ऐसे में आग लगाते पकड़े जाने पर विभागीय कार्रवाई कर उसे जेल भेजा जायेगा। ऐसा मानना है कि वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में बेंत के झाड़ियों को जला तस्करी के लिए काटने तथा पुराने खर को जला अपने जानवरों को चरने के अनुकूल बनाने के लिए भी लोगों द्वारा आग लगाने की घटना को अंजाम दिया जाता है । वन प्रशासन ऐसे लोगों पर कड़ी नजर रखेगा।

# अंतर्राष्ट्रीय आध्यात्मिक केन्द्र के संस्थापक एम.अरविन्द ने दो दिवसीय "हनुमान जन्मोत्सव आमंत्रण पत्र" का किया लोकार्पण

चाणक्य भूमि



**खगड़िया।** ब्रह्मलीन योग सम्राट श्री देवराहा बाबा के कृपा पात्र परम पूज्य सदगुरुदेव त्रिकालदर्शी संत श्री देवराहा शिवनाथ दास जी महाराज के सानिद्ध में दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव समारोह का आयोजन जिला मुख्यालय के बबुआगंज मोहल्ले में स्थित छठ्ठू लाल सेवा सदन के प्रांगण में आगामी 23 और 24 अप्रैल को किया जायेगा। अंतर्राष्ट्रीय आध्यात्मिक केन्द्र के संस्थापक एम.अरविन्द ने उक्त आशय की जानकारी "हनुमान जन्मोत्सव आमंत्रण पत्र" का लोकार्पण करते हुए दी। आगे उन्होंने कहा समारोह को सफ़ल बनाने को लेकर देवराहा शिवनाथ भक्त मंडली के सदस्यगण तैयारियों में जुटे हुए हैं। 23 अप्रैल की सुबह सात बजे शोभा यात्रा एवं सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ और रामधुनी संकीर्तन होगा जब कि 24 अप्रैल को रामधुनी संकीर्तन का समापन, बाबा शिवनाथ दास जी महाराज द्वारा मार्गदर्शन, गुरुदीक्षा, बाबा का आशीष वचन एवं कीर्तन होगा। भक्त मंडली के सदस्य ध्रुव कुमार ने कहा जन्मोत्सव समारोह में खगड़िया ज़िले के अलावा आरा, बिहिया, आलम नगर, मधेपुरा, सहरसा, बेगुसराय, पटना और कटिहार ज़िले से भी भक्तजन पधारेंगे। उक्त अवसर पर मौजूद थे प्रवीण कुमार मुन्ना, ध्रुव कुमार, संजीव कुमार, प्रह्लाद कुमार, डॉ लाल बिहारी गुप्ता तथा ललित सिंह आदि।

# मझौलिया में पीएचडी का पाइप फूटा,आवगमन में बढ़ी परेशानी

चाण्क्यभूमि( कनकलता)



**बेतिया।** मझौलिया प्रखंड कार्यालय के मुख्य गेट स्थित पीएचडी विभाग के पाइप के लीक होने से मुख्य सड़क पर पानी बह रही है। जिससे जल जमाव उत्पन्न हो गई है। आवागमन भी प्रभावित हो रही है। ग्रामीण विरेन्द्र साह,सुनिल सिंह,संजय साह, सुजित चौरसिया,नवनित पाण्डेय,मिरोज आलम ने बताया कि बाजार समिति स्थित जल मीनार की पाइप प्रखंड कार्यालय के मुख्य गेट के पास फुट गई है। जिससे सड़कों पर जल जमाव से लोग परेशान हैं।लेकिन प्रशासन की उदासीनता से इस की मरम्मती नहीं कराई जा रही है।जिससे बारिश के नहीं होने के बाद भी लोगों को जल जमाव की समस्या से जूझना पड़ रहा है।यह सड़क प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय,बाल विकास कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ,रेलवे स्टेशन जाने के लिए मुख्य सड़क है। सभी अधिकारियों को कार्यालय में आने-जाने के लिए भी मुख्य सड़क है। जल जमाव के होने से प्रतिदिन 5 हजार से 6 हजार लोग प्रभावित हो रहे हैं।प्रशासन की उदासीनता से लोगों में आक्रोश है।

# पराली जलाने से लगी आग से तीन बीघा गेंहू जलकर राख

चाणक्य भूमि मैनाटांड़

**मैनाटांड़** प्रखंड के इनरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार दोपहर को नगरदेही गांव के सरेह में आग लगने से लगभग 3 बीघा खेत की गेंहू जल कर राख हो गई है । यह घटना पराली जलाने के क्रम में घटना घटी है । तेज हवा के कारण अचानक आग की लपेट विकराल रूप धारण कर लिया और गेहूं की खेत में आग पकड़ लिया जिससे गेहूं जलकर राख हो गया। आग लगने से , राजेंद्र साह , विजय राज गिरी एंव महेंद्र साह का गेहूं का फसल नुकसान हुआ है।

# मैनाटांड़ पुलिस ने शराब समेत एक धंधेबाज गिरफ्तार

चाणक्य भूमि

**मैनाटांड़।** मैनाटांड थाना अंतर्गत अलग-अलग जगह से कुल साढ़े 42 लीटर शराब के साथ एक शराब धंधेबाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । मैनाटांड़ थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने बताया की पश्चिम पकुहवा गांव के पास से 22.5 लीटर शराब के साथ पश्चिम पकुहवा के रामचंद्र महतो को गिरफ्तार किया गाया है। वही भेड़ीहरवा बॉडर से 20 लीटर शराब जब्त किया गया है। इधर पुलिस को देख कारोबारी फरार हो गया। अज्ञात के विरुद्ध प्रथिमिकी दर्ज कर अग्रसर कार्यवाही की जा रही है ।

# उपेंद्र कुशवाहा के लिए चुनौती बने पवन सिंह

चाणक्य भूमि

पिछले तीन लोकसभा चुनाव में महाबली सिंह कुशवाहा तथा उपेंद्र कुशवाहा ने यहां जीत दर्ज की है, यानी बार कुशवाहा जाति के नेता ही यहां के सांसद हुए हैं. इस बार अब देखना है की राजाराम सिंह तथा पवन सिंह के मैदान में आने पर चुनाव का क्या सीन होता है. पवन सिंह को लेकर इलाके में राजनीतिक चर्चा तेज हो गई है क्योंकि वो राजपूत समाज से आते हैं ऐसे में कुशवाहा जाति का वोट दो भाग में बंट सकता है साथ ही पवन की फैन फॉलोइंग उनको अपनी जाति का वोट दिलवा सकती है. बड़ी बात यह है कि अब तक महागठबंधन को अब तक यहां जीत नसीब नहीं हुई है. इस सीट से दो बार महाबली सिंह तथा एक बार उपेंद्र कुशवाहा ने जीत दर्ज की है. उपेंद्र कुशवाहा को भारत सरकार में मंत्री बनने का भी अवसर यहीं से मिला.












# एसडीओ कार्यालय मे सुरक्षा मे तैनात होमगार्ड को अपराधी ने चाकू मारकर किया, हत्या पुलिस मामले के जांच मे जुटी

चाणक्य भूमि



**गया।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान संपन्न होते ही खूनी खेल शुरू हो गया है। अपराधियों की हिम्मत इतनी बढ़ गई की है कि गया शहर के घनी आबादी वाले इलाके एसडीओ कोर्ट परिसर में घुसकर दिनदहाड़े सुजीत कुमार नामक होमगार्ड के जवान की बेरहमी से चाकू मार कर हत्या कर दी गई। इस घटना की खबर मिलते ही शहर में सनसनी फैल गई। सूचना पाते ही आरक्षी उपाधीक्षक पीएन साहू , एसपी और एसडीओ सहित कई पुलिस पदाधिकारी और प्रशासनिक पदाधिकारी मौके पर पहुंच गए। इस घटना ने शांतिपूर्ण हुए मतदान पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर दिया है। आखिर किस वजह से विष्णुपद क्षेत्र के रहने वाले सुजीत कुमार की हत्या चाकू से गोद कर क्यों कर दी गई। गृह रक्षक सुजीत कुमार के बड़े भाई अजीत कुमार ने बताया कि बेलागंज में इलेक्शन ड्यूटी से बीती रात लौटे थे। कम से कम चुनाव ड्यूटी से लौटने के बाद एक दिन की छुट्टी प्रशासन को देनी चाहिए थी। सन 1989 में गृह रक्षक वाहिनी में के पद पर विभिन्न गया शहर के इलाकों में ड्यूटी की थी। मृतक के बड़े भाई अजीत कुमार ने बताया कि सुजीत कुमार की तीन बेटियां है। अब उनके सर से पिता का साया उठ चुका है। ऐसे में सरकार और प्रशासन को अनुकंपा के आधार पर नौकरी और कंपल्सेशन देनी चाहिए। आरक्षी उपाधीक्षक पीएन साहू ने बताया कि सीसीटीवी के आधार पर फुटेज खगली जा रही है। उन्होंने बताया कि हत्या करने वाले अपराधी को किसी भी हाल में बक्सा नहीं जाएगा।












स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714